## संपादकीय

### सदाबहार दोस्ती

यूक्रेन विवाद और कोरोना चुनौती के बीच रूसी राष्ट्रपति का भारत आना निस्संदेह इस बात का प्रतीक है कि पुतिन भारत से संबंधों को अपनी प्राथमिकता देते हैं। इस यात्रा के गहरे निहितार्थ हैं सामरिक दृष्टि से और कारोबारी रिश्तों की वजह से भी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत रूस से उन्नत मिसाइल रक्षा प्रणाली एस-400 खरीद रहा है, जिस पर अमेरिका की भौंहें तनी हुई हैं। अमेरिका ने नाटो संगठन के देश तुर्की पर रूस से ऐसी ही मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली खरीदने पर प्रतिबंध लगाये थे। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को संदेश दिया है कि भले ही कई मामलों में भारत का अमेरिका के प्रति झुकाव रहा हो, लेकिन अपने रणनीतिक हितों के लिये विदेश नीति निर्धारण में वह किसी देश का पिछलग्गू नहीं है। भारत-रूस के इस 21वें शिखर सम्मेलन में पुतिन व मोदी की बातचीत के अलावा 'टू प्लस टू' बैठकों में दोनों देशों के रक्षा व विदेश मंत्रियों की मुलाकातें महत्वपूर्ण होते रिश्तों की बानगी दर्शाती है। इस दौरान हुए महत्वपूर्ण समझौते इस बात पर मोहर लगाते हैं। निस्संदेह, रूस भारत का भरोसेमंद सहयोगी रहा है और संकट के कई मौके पर हमारे साथ खड़ा रहा है। यही वजह है कि दोनों देशों में रक्षा सहयोग दस वर्ष बढ़ाने पर सहमति बनी है। इस वार्ता में दोनों देशों के नेताओं की गर्मजोशी प्रगाढ़ होते रिश्तों को दर्शाती है। निस्संदेह, पुतिन कुछ ही घंटों के लिये भारत आये, लेकिन इस यात्रा के महत्वपूर्ण मायने हैं। खासकर ऐसे समय में जब साम्राज्यवादी चीन लगातार सीमा पर भारत के लिये मुश्किलें खड़ी कर रहा है और अफगानिस्तान में पाक-परस्त तालिबान सत्ता में काबिज हो गया है, भू-सामरिक दृष्टि से रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा और महत्वपूर्ण हो जाती है। शांति, सहयोग व दोस्ती के पांच दशक व रणनीतिक साझेदारी के दो दशक पूरा होना, दोनों देशों के भरोसे के रिश्तों को ही दर्शाता है। कोविड संकट के दौरान जब देश दूसरी लहर से जूझ रहा था और पश्चिमी देशों द्वारा वैक्सीन निर्माण से जुड़ी सामग्री देने में आनाकानी की जा रही थी, तब रूस आगे आया और भारत के लिये स्पूतनिक वैक्सीन की आपूर्ति और उत्पादन पर सहमति बनी थी। दरअसल, पुतिन की इस यात्रा के दौरान भारत व रूस सामरिक व रक्षा चुनौतियों के बाबत ही साथ खड़े नजर नहीं आये, बल्कि आतंकवाद, नशीले पदार्थों की तस्करी व संगठित अपराधों से जूझने में साझा लड़ाई की बात कही गई। इन मुद्दों में पुतिन द्वारा भरोसा देना पाक को भी सख्त संदेश है, जो सीमापार से भारत के खिलाफ आतंकवाद व नशीले पदार्थों की तस्करी को हथियार की तरह इस्तेमाल करता रहा है। वहीं पुतिन ने भारत की सीमा पर चीन के जमावड़े पर चर्चा करते हुए स्पष्ट कहा कि भारत एक बड़ी ताकत है। बहरहाल, अब तक रक्षा व अंतरिक्ष विषयों पर सहभागिता करने वाले भारत व रूस ने टू-प्लस-टू बैठक में इन्हें विस्तार देने पर सहमति व्यक्त की है। दूसरी ओर सेना को आधुनिक हथियार मुहैया कराने के क्रम में अत्याधुनिक असॉल्ट राइफल एके-203 की खरीद तथा अमेठी में आयुध फैक्टरी में लाखों राइफलों के निर्माण का समझौता हथियार बनाने में भारत की आत्मनिर्भता की दिशा में एक बड़ा कदम कहा जा सकता है। विश्वास है कि टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और कीमतें तय करने की अड़चनों को दूर करने के बाद अब इनका निर्माण गति पकड़ेगा। साथ ही क्षेत्र में रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। वहीं क्लाशनिकोव श्रृंखला के छोटे हथियारों के उत्पादन के बारे में वर्ष 2019 के समझौते में संशोधन व सैन्य एवं तकनीकी सहयोग के क्षेत्र में अंतर को सरकारी आयोग के प्रोटोकॉल में बदलाव किया गया है। निस्संदेह, दोनों देशों के भरोसेमंद रिश्तों को पुतिन की यात्रा से और मजबूती मिलेगी। खासकर अचूक मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली एस-400 की आपूर्ति शुरू होने से पड़ोसी मुल्क भारत पर हमले की कोशिश से पहले कई बार विचार करेंगे। भारत ने इसे अपनी रणनीतिक संप्रभुता के लिये अपरिहार्य बताया है, जिसके चलते अमेरिका व चीन की निगाहें पुतिन की भारत यात्रा पर लगी थी।

## आज बंद रहेंगी इंटरनेट बैंकिंग, योनो, योनो लाइट, यूपीआई जैसी सुविधाएं

**नई दिल्ल।** अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया यानी एसबीआई के कस्टमर हैं तो आपके लिए जरूरी सूचना है। शनिवार को आप एक निश्चित अवधि के लिए इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं का उपयोग नहीं कर पाएंगे। इन दो दिनों के लिए बैंक की शाखाएं भी बंद होंगी। शनिवार को सेकेंड सैटरडे और रविवार को साप्ताहिक अवकाश है। एसबीआई इंटरनेट बैंकिंग सेवाओं के यूजर निर्धारित रखरखाव गतिविधियों के कारण शनिवार और रविवार को कुल 300 मिनट की अवधि के लिए इंटरनेट बैंकिंग,




योनो, योनो लाइट, यूपीआई जैसी विभिन्न सुविधाओं का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

एसबीआई ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर ट्वीट किया, हम अपने सम्मानित ग्राहकों से अनुरोध करते हैं कि वे हमारे साथ रहें क्योंकि हम बेहतर बैंकिंग अनुभव प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इसने आगे कहा, हम 11 दिसंबर 2021 को रात्रि 23:30 बजे से 4:30 बजे (300 मिनट) तक प्रौद्योगिकी उन्नयन का कार्य करेंगे। इस अवधि के दौरान, INB / Yono / Yono Lite / Yono Business / UPI होगा। अनुपलब्ध। हमें असुविधा के लिए खेद है और आपसे अनुरोध है कि आप हमारे साथ रहें।

SBI का देश भर में 22,000 से अधिक शाखाओं और 57,889 से अधिक एटीएम के साथ सबसे बड़ा नेटवर्क है। इस बीच, भारतीय स्टेट बैंक में हालिया डिजिटल लेनदेन पंक्ति का जवाब देते हुए, बैंक ने एक बयान में कहा कि वह अपने मूल बचत बैंक जमा (बीएसबीडी) ग्राहकों से डिजिटल लेनदेन के लिए कोई लेनदेन शुल्क नहीं लेता है, जिसमें यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस का उपयोग करने वाले लेनदेन शामिल हैं। (यूपीआई) और रुपे डेबिट कार्ड शामिल हैं।

## शहरी सेवाओं में सुधार के लिए एडीबी देगा 35 करोड़ डॉलर का ऋण

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) भारत में शहरी सेवाओं में सुधार के लिए 35 करोड़ डॉलर ऋण देगा।

एडीबी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को पाइप से जलापूर्ति और अमरूत योजना के तहत साफ सफाई में सुधार पर व्यय के लिए यह राशि मंजूर की गयी है। इससे शहरी गरीब के साथ ही कम आय वर्ग और समाज के कमजोर तबके को मदद मिलेगी।

दक्षिण एशिया के लिए एडीबी के प्रधान शहरी विकास विशेषज्ञ संजय जोशी ने कहा कि इस ऋण से सरकार के शहरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और सामुदायिक विकास को गति देने में मदद मिलेगी। इससे भारत के कई राज्यों में शहरी सेवाओं की आपूर्ति में भी सुधार होगा।

भारत में अभी शहरी आबादी 46 करोड़ है जिसके वर्ष 2030 तक बढ़क 60 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। इसमें वार्षिक दो फीसदी की बढोतरी हो रही है।

## सरकारी इस्पात उपक्रम परियोजना कार्य के दैनिक लक्ष्य तय करें : सिंह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय इस्पात मंत्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह ने इस्पात क्षेत्र के केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों से परियोजना के समयानुसार क्रियान्वयन पर बल दिया है और इसके लिए दैनिक लक्ष्य निर्धारित करने तथा उसकी कड़ी निगरानी करने की सलाह दी है। सिंह ने एक बैठक में इस्पात इन उपक्रमों में 2021-22 के लिए 13,300 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य के विपरीत पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि श्री सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, स्टील सीपीएसई यानी सेल, एनएमडीसी, आरआईएनएल, केआईओसीएल एमओआईएल और मेकॉन के सीएमडी तथा इस्पात मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया। बयान के मुताबिक श्री सिंह ने उपक्रमों से परियोजना कार्यों को समय पर पूरा करने के अत्यधिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समयबद्ध परियोजना क्रियान्वयन के लिए दैनिक लक्ष्य निर्धारित करने और कड़ी निगरानी करने की सलाह दी। उन्होंने सीएमडी को यह सुनिश्चित करने के प्रयासों को दोगुना करने का निर्देश दिया कि वर्ष 2021-22 के परियोजना लक्ष्यों को हासिल करने में किसी प्रकार की कोई परेशानी उत्पन्न न हो।

## आयकर विभाग की एआईएस में गड़बड़ी, अपनी जानकारी के आधार पर ही भरें टैक्स रिटर्न

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग की एन्युअल इनफॉर्मेशन सिस्टम यानी एआईएस में जानकारियों में गड़बड़ियों को देखते हुए टैक्स रिटर्न में कई मामलों में करदाताओं की जानकारी पर ही पूरी तरह भरोसा किया जाएगा। मिली जानकारी के मुताबिक इस बारे में कुछ ही दिनों में आयकर विभाग सर्कुलर भी जारी कर सकता है। यानि अगर एआईएस और करदाताओं की जानकारी में अंतर रहा तो भी उन्हें टैक्स नोटिस का सामना नहीं करना पड़ सकता है। नए आयकर पोर्टल में फॉर्म 26 एएस के साथ विभाग की तरफ से सालाना लेन देने की दूसरी जानकारियां मसलन शेयर




और म्युचुअल फंड में निवेश जैसे तमाम नए विषय भी जोड़े गए हैं। मामले से जुड़े अधिकारी के मुताबिक ऐसा इसलिए किया गया है ताकि करदाताओं को अपने लेन देन से जुड़ी सारी चीजें एक ही जगह मिल सकें। हालांकि इस सिस्टम से लोगों को दिक्कतें भी होनी शुरू हो गई हैं। इस सिस्टम में गिरवी रखे शेयरों को बिक्री के तौर पर कई मामलों में देखा गया है। साथ ही शेयरों के बेचे जाने के भाव में भी दिक्कतें आ रही हैं। शेयरों के भाव में सिस्टम, दिन के बंद हुए दाम को दिखा रहा है , जबकि शेयर को दिन के कारोबारी भाव पर बेचा गया था। ऐसे में टैक्स की देनदारी में भी अंतर आ रहा है।

सूत्रों के मुताबिक टैक्स विभाग ऐसे मामलों में करदाताओं की तरफ से दी गई जानकारी को ही वास्तविक मानेगा। जानकारी के मुताबिक एआईआर में थर्ड पार्टी से जरिए दी जा रही जानकारियों को शामिल किया जाता है। ऐसे में वो टैक्स की वास्तविक गणना के लिए फिलहाल इस्तेमाल नहीं हो रहा है।

करदाता जता सकते हैं आपत्ति अधिकारियों के मुताबिक करदाताओं के पास इन्हें रेड फ्लैग करने का विकल्प होता है और वो इनकी जगह अपने असली दस्तावेजों में मौजूद जानकारी दे सकते हैं। विभाग की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक नए आयकर पोर्टल पर 3 दिसंबर तक 3 करोड़ से ज्यादा करदाता आपना रिटर्न दाखिल कर चुके हैं। रिटर्न दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है।

टैक्स मामलों के विशेषज्ञ योगेंद्र कपूर ने कहा कि करदाताओं को अपने कागजात के आधार पर ही रिटर्न दाखिल करना चाहिए।

## अंडर-19 एशिया कप के लिए भारतीय टीम का ऐलान, दिल्ली के यश धूल को मिली कमान

**नई दिल्ली।** अंडर-19 एशिया कप के लिए दिल्ली के बल्लेबाज यश धूल को 20 सदस्यीय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया है। अंडर-19 एशिया कप यूएई में 23 दिसंबर से खेला जाना है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसके लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया। टूर्नामेंट से पहले बेंगलुरु में एक कैंप लगेगा, जिसके लिए 25 सदस्यीय टीम का ऐलान किया गया। पांच खिलाड़ियों को स्टैंडबाय के तौर पर टीम में जगह मिली है।बीसीसीआई के बयान के मुताबिक, ऑल इंडिया जूनियर सिलेक्शन कमिटी ने आने वाले एसीसी अंडर-19 एशिया कप के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है, जो यूएई में 23 दिसंबर से खेला जाना है। बेंगलुरु में 11 से 19 दिसंबर के बीच एसीसी इवेंट से पहले लगने वाले प्रिपरेटरी कैंप के लिए 25 सदस्यीय टीम चुनी गई है। यश धूल ने विनोद मांकड़ ट्रॉफी में इस साल सबसे ज्यादा रन बनाए थे। डीडीसीए की ओर से धूल ने 75.50 की औसत से कुल 302 रन बनाए थे। बीसीसीआई ने साथ ही बताया कि अगले साल जनवरी-फरवरी में वेस्टइंडीज में होने वाले अंडर-19 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। अभी तक आठ एसीसी अंडर-19 एशिया कप टूर्नामेंट खेले जा चुके हैं, जिसमें से भारत ने छह बार खिताब अपने नाम किया है।

## भारत के पूर्व क्रिकेटर को साइबर ठगों ने लगाया चूना, खाते से निकाले लाखों रुपए

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी विनोद कांबली साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। साइबर ठगों ने उन्हें एक लाख रुपये की चपत लगाई है। इस संबंध में बांद्रा पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया गया है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार , एक व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए कांबली को फोन किया और उन्हें एक लिंक भेजा।

कांबली द्वारा उस लिंक को खोलते ही कुछ देर बाद उनके खाते से एक लाख रुपए निकल गए। अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में आईपीसी की धारा 420 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपियों की तलाश जारी है।

गौरतलब है कि देशभर में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आए दिन कई लोग इसके शिकार भी हो रहे हैं। खास कर कोरोना काल में साइबर ठगी के मामलों में तेजी आयी है।

विनोद कांबली ने 1991 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की शुरुआत की थी। उन्होंने 18 अक्टूबर 1991 को वनडे में डेब्यू किया और आखिरी वनडे 29 अक्टूबर 2000 में खेला था। जबकि 29 जनवरी 1993 में टेस्ट में डेब्यू किया और आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ 8 नवंबर 1995 में खेला था।

कांबली ने टीम इंडिया के 17 टेस्ट और 104 वनडे मैच खेले जिसमें उन्होंने वनडे में दो शतक और 14 अर्धशतक की मदद से 2477 रन बनाये, तो 4 शतक, दो दोहरे शतक और 3 अर्धशतक की मदद से टेस्ट में 1084 रन बनाए। वनडे में कांबली ने एक विकेट भी चटकाए।

## तापसी पन्नू की शाबाश मिठू अगले साल 4 फरवरी को आएगी

बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शाबाश मिट्ठू' को लेकर सुर्खियों में है. एक्ट्रेस इस फिल्म में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज का किरदार निभा रही हैं. अभिनेत्री अपने सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट शेयर करके हमें झलकियां देती रही हैं.

हालांकि आज मिताली राज के जन्मदिन पर 'शबाश मिट्ठू' के निर्माताओ ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करके उन्हें एक सरप्राइज दिया है. मेकर्स ने पोस्टर शेयर किया है जिसमें तापसी




क्रिकेटर के लुक में नजर आ रही हैं. 'शबाश मिट्ठू' 4 फरवरी 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

'शाबाश मिट्ठू' भारत की सबसे सफल महिला क्रिकेटर की कहानी है. फिल्म में मिताली के जीवन के उतार- चढ़ाव, असफलताओं और उत्साह के पल को दिखाया गया है. इस फिल्म में टैलेंटेड एक्टर विजय राज मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. 'शाबाद मिट्ठू' को घरेलू और अतंरराष्ट्रीय स्थानों पर शूट किया गया है ताकि मिताली की जर्नी को आइकोनिक तरीके से दिखाया जाए. इस फिल्म के क्रिएटिव प्रोड्यूसर अजीत अंधारे हैं जबकि निर्देशन श्रीजीत मुखर्जी ने किया और प्रिया एवेन ने लिखा है. ये फिल्म वायकॉम 18 स्टूडियोज द्वारा निर्मित है.

तापसी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं, वो फिल्म से जुड़े अपडेट और शूटिंग वीडियोज अक्सर अपने फैंस के साथ शेयर करती रहती है.

## अयान मुखर्जी ने 'ब्रह्मास्त्र' से शेयर की रणबीर कपूर की बीटीएस तस्वीर

अयान मुखर्जी की 'ब्रह्मास्त्र' इंडस्ट्री की सबसे चर्चित फिल्मों से एक है. इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट एक साथ पहली बार नजर आएंगे. फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. फिल्म की रिलीज डेट की अटकलों के बीच अयान ने सोशल मीडिया पर रणबीर कपूर की अनदेखी तस्वीर शेयर की है.



इस फोटो में रॉकस्टार अभिनेता रणबीर कपूर आग की तरफ देख रहे हैं जिसने दर्शकों की उत्सुकता को बढ़ा दिया है. इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में अयान ने लिखा है द टाइम फील्स राइट. ठीक ढ़ाई साल पहले मैंने ये इंस्टाग्राम यात्रा शुरू की थी. ब्रह्मास्त्र की रिलीज के कुछ महीने बाद, फिर हमें फिल्म को बेहतर बनाने के लिए और समय चाहिए था. कुछ दिनों के लिए पूरी दुनिया रूक गई थी. इस सबके माध्यम से हर एक दिन ब्रह्मास्त्र चालू रहा है.

## आज का राशिफल

मेष : असंयमित शब्दों का प्रयोग सगे-संबंधों में कटुता ला सकता है। प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिंता उत्पन्न करेगा।

बृषभ : वाक्यपटुता व मधुर वाणी से सगे-संबंधियों के बीच प्रभावशाली होंगे। अतः अपने दिनचर्या को सुधार, समय का पूर्ण उपयोग करें।

मिथुन : भौतिक जगत की चकाचौंध से प्रभावित होंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

कर्क : भावनाओं से उद्वेलित मन से गलतियां स्वभाविक हैं। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

सिंह : संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीतिज्ञों की अपने क्षेत्र में ब्यस्तता व क्रियाशीलता बढ़ेगी।

कन्या : निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। क्रोध व शंकाए छोड़ सगे-संबंधों में प्यार बिखेरें। अत्याधिक कार्यों की ब्यस्तता से मन परेशान होगा।

तुला : किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य में संबंधों का सहयोग मिलेगा। स्वयं को लाचार बनाए रखना ठीक नहीं है।

वृश्चिक : गैर सांस्कारिक कार्यों की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगायें। शासन-सत्ता के सहयोग से कार्यक्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे।

धनु : पूर्वाग्रहवश मन में सगे-संबंधों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में ब्यस्तता से मन बोझिल होगा।

मकर : किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता व वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे।

कुंभ : कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के आसार बढ़ेंगे। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक क्षेत्र के लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

मीन : नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफ होगी। किसी नये कार्य में मन केंद्रित होगा। साधनाभाव से मन चिंतित होगा।

## ऐसे बनाएं मशरूम मलाई टिक्का

सर्दियों में स्टार्टर्स में टिक्का खाने का अपना अलग ही मजा है। ऐसे में ताज़ी क्रीम से घर पर बड़ी ही आसानी से तैयार करें मशरूम मलाई टिक्का की यह मलाईदार रेसिपी।



### सामग्री :

1/2 कप काजू, 3 टेबलस्पून ताजी क्रीम, 4 हरी मिर्च, 1/2 टीस्पून नमक, 1/2 टीस्पून व्हाइट पेपर, 1/2 टीस्पून जीरा पाउडर, 1 टीस्पून धनिया पाउडर, 1/2 टीस्पून कसूरी मेथी, 1/4 कप पानी, 200 ग्राम बटन मशरूम, 1 टुकड़ों में कटी शिमला मिर्च, 1 टुकड़ों में कटा प्याज, 1 टेबलस्पून तेल, 1 टेबलस्पून मक्खन

### विधि :

एक ब्लेंडर जार में काजू, क्रीम, हरी मिर्च, नमक, व्हाइट पेपर, धनिया पाउडर, कसूरी मेथी, पानी और जीरा पाउडर डालकर महीन पेस्ट तैयार करें। एक बोल में मशरूम को धोकर उनकी डंठल को हटाकर डालें। इस पर शिमला मिर्च और प्याज को स्क्युवर्स में लगाएं। एक ग्रिल पैन में तेल और मक्खन दोनों डालें। इस पर स्क्युयर्स रखें। दोनों ओर से सेंकें। प्लेट में निकालकर चटनी के साथ गरमागर्म सर्व करें।


**एयर फ्रायर करें-** इस डिश को मक्खन से बचाने के लिए एयर फ्रायर में रखकर रोस्ट करें। फिर बाद में गैस की आंच पर हलका सेंक लें जिससे टिक्के को स्मोकी फ्लेवर मिल सके।

**टिप्स-** इस रेसिपी पर ऊपर से नींबू का रस निचोड़ें और पुदीने की चटनी के साथ इसे सर्व करें। अगर मशरूम से एलर्जी हो तो इस डिश में मशरूम की जगह पनीर, टोफू, सोयाबीन्स, इडली से भी तैयार कर सकती हैं।

## शब्द सामर्थ्य- 285

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

## सू-दोकू- 285

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |